Think IAS...

दृष्टि The Vision

Think Drishti

## उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC)

# सामान्य अध्ययन (मुख्य परीक्षा) प्रैक्टिस पेपर्स



दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम *(Distance Learning Programme)*

Code: UPM11

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC)

# सामान्य अध्ययन

## (मुख्य परीक्षा)

# प्रैक्टिस पेपर्स


दृष्टि The Vision

641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

दूरभाष : 8750187501, 011-47532596

टोल फ्री : 1800-121-6260

**Web :** www.drishtiIAS.com

**E-mail :** online@groupdrishti.com


पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को “like” करें

www.facebook.com/drishtithevisionfoundation

www.twitter.com/drishtiias

UPPCS DLP

# विषय सूची (Contents)


- यूपीपीसीएस (प्रवर) मुख्य परीक्षा: संरचना, पाठ्यक्रम एवं रणनीति 5–23
- प्रैक्टिस पेपर-1 (हल प्रश्न-पत्र) 24–65
- प्रैक्टिस पेपर-2 66–71
- प्रैक्टिस पेपर-3 72–77
- प्रैक्टिस पेपर-4 78–83
- प्रैक्टिस पेपर-5 84–89
- प्रैक्टिस पेपर-6 90–95
- प्रैक्टिस पेपर-7 96–102

# यूपीपीसीएस (प्रवर) मुख्य परीक्षा : संरचना, पाठ्यक्रम एवं रणनीति

उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. प्रारंभिक परीक्षा के उपरांत बारी आती है मुख्य परीक्षा की। प्रारंभिक परीक्षा लाखों छात्रों में से कुछेक हज़ार गंभीर और योग्य उम्मीदवारों के चयन की एक पद्धति भर है। यानी प्रारंभिक परीक्षा आपके इस परीक्षा हेतु परीक्षार्थी होने पर मुहर लगाती है। आप उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. परीक्षा हेतु उपयुक्त उम्मीदवार हैं, इसे सत्यापित करने का नाम ही प्रारंभिक परीक्षा है। किंतु वास्तविक परीक्षा तो मुख्य परीक्षा होती है। गौरतलब है कि जहाँ प्रारंभिक परीक्षा पूरी तरह वस्तुनिष्ठ (Objective) होती है, वहीं मुख्य परीक्षा व्यक्तिनिष्ठ (Subjective) प्रकृति की होती है जिसमें अलग-अलग शब्द-सीमा वाले वर्णनात्मक (Descriptive) प्रश्न पूछे जाते हैं। यानी मुख्य परीक्षा परिणामत: और गुणात्मक दृष्टि से प्रारंभिक परीक्षा से भिन्न होती है। अत: इसके लिये भिन्न और विशिष्ट रणनीति की भी दरकार होती है।

ध्यातव्य है कि 2018 से पहले मुख्य परीक्षा वस्तुनिष्ठ एवं वर्णनात्मक दोनों प्रकार से होते थे। परंतु वर्ष 2018 से नए पाठ्यक्रम के अंतर्गत अब मुख्य परीक्षा व्यक्तिनिष्ठ प्रकृति की होती है जिसमें अलग-अलग शब्द सीमा वाले वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाएंगें। अभ्यर्थियों की इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मुख्य परीक्षा हेतु एक विस्तृत रणनीति प्रस्तुत की जा रही है।

मुख्य परीक्षा, उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. परीक्षा का सबसे महत्त्वपूर्ण एवं निर्णायक पड़ाव है क्योंकि कुल प्राप्तांक में लगभग 86% से ज़्यादा भारांक इसी का होता है। ध्यातव्य है कि पी.सी.एस. परीक्षा के लिये निर्धारित 1600 अंकों (1500 मुख्य परीक्षा + 100 साक्षात्कार) में मुख्य परीक्षा का अंश बहुत अधिक है। ऐसे में जो परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करेगा, उसके लिये न केवल साक्षात्कार बल्कि अंतिम रूप से चयनित होने की राह बहुत आसान हो जाएगी। अत: मुख्य परीक्षा की सटीक तैयारी हेतु एक कारगर रणनीति बनानी होगी।

## मुख्य परीक्षा की संरचना व प्रणाली

वर्ष 2018 में मुख्य परीक्षा की संरचना में रणनीतिक परिवर्तन किये गए। अब मुख्य परीक्षा कुल 1500 अंकों की होती है जिसमें 800 अंक सामान्य अध्ययन के लिये (200–200 अंकों के 4 प्रश्नपत्र), 400 अंक वैकल्पिक विषय के लिये (200–200 अंकों के 2 प्रश्नपत्र) तथा 150-150 अंक सामान्य हिन्दी एवं निबंध के लिये निर्धारित हैं।

1500 अंकों की मुख्य परीक्षा में यदि साक्षात्कार के 100 अंकों को भी शामिल कर लिया जाए तो उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा का कुल भारांक 1600 होता है।

**मुख्य परीक्षा के विभिन्न प्रश्नपत्र तथा उनके भारांक**

| प्रश्नपत्र संख्या | विषय-वस्तु | अंक |
|---|---|---|
| प्रश्नपत्र-1 | सामान्य हिन्दी | 150 |
| प्रश्नपत्र-2 | निबंध | 150 |
| प्रश्नपत्र-3 | सामान्य अध्ययन-1 (भारतीय विरासत और संस्कृति, विश्व का इतिहास एवं भूगोल तथा समाज) | 200 |
| प्रश्नपत्र-4 | सामान्य अध्ययन-2 (शासन व्यवस्था, संविधान, शासन प्रणाली, सामाजिक न्याय तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंध) | 200 |
| प्रश्नपत्र-5 | सामान्य अध्ययन-3 (प्रौद्योगिकी, आर्थिक विकास, जैव विविधता, पर्यावरण, सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन) | 200 |

# प्रैक्टिस पेपर–1

## सामान्य अध्ययन-प्रथम प्रश्नपत्र

**निर्धारित समय : तीन घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

1. निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिये: (उत्तर 50-50 शब्दों में दें) **(5 × 5 = 25)**
   (a) भारत का शिराज (b) गुजरात का स्थापत्य
   (c) घरेलू हिंसा (d) गंगा नदी तंत्र
   (e) प्रयागराज
2. वर्तमान समय में प्रचलित भौतिक क्षेत्र से संबंधित ऐसे पाँच प्रमुख कारकों की विवेचना कीजिये जिन्हें सिंधु सभ्यता की देन का श्रेय माना जाता है। (उत्तर 150 शब्दों में दें) 10
3. स्वतंत्रता संग्राम में, विशेष तौर पर गांधीवादी चरण के समय महिलाओं का क्या योगदान था? स्पष्ट कीजिये। (उत्तर 150 शब्दों में दें) 10
4. भारत में सांप्रदायिकता को प्रोत्साहन देने में ब्रिटिश सरकार की क्या भूमिका थी? विवेचना कीजिये। (उत्तर 150 शब्दों में दें) 10
5. भारत के प्रमुख नगर बाढ़ दशाओं से अधिक असुरक्षित होते जा रहे हैं। विवेचना कीजिये। (उत्तर 150 शब्दों में दें) 10
6. उभरते प्राकृतिक संसाधन समृद्ध अफ्रीका के आर्थिक क्षेत्र में अपना क्या स्थान रखते हैं? (उत्तर 150 शब्दों में दें) 10
7. भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से दक्षिणी चीन सागर वर्तमान समय में बहुत महत्त्वपूर्ण हो गया है। स्पष्ट कीजिये। (उत्तर 150 शब्दों में दें)10
8. जलोढ़ मृदा का संक्षिप्त परिचय देते हुए इसके प्रमुख प्रकारों की विवेचना कीजिये। (उत्तर 150 शब्दों में दें) 10
9. मंदिर वास्तुकला के विकास में चोल वास्तुकला का विशेष योगदान है। विवेचना कीजिये। (उत्तर 250 शब्दों में दें) 15
10. अनेक विदेशियों ने भारत में बसकर विभिन्न आंदोलनों में भाग लिया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उनकी भूमिका का विश्लेषण कीजिये। (उत्तर 250 शब्दों में दें) 15
11. आर्थिक महामंदी से निपटने के लिये किन नीतिगत साधनों का प्रयोग किया गया था? (उत्तर 250 शब्दों में दें) 15
12. भारत में तीव्र शहरीकरण की प्रक्रिया ने जिन विभिन्न सामाजिक समस्याओं को जन्म दिया, उनकी विवेचना कीजिये। (उत्तर 250 शब्दों में दें) 15
13. भारत के सूखा प्रवण एवं अर्द्धशुष्क प्रदेशों में लघु जलसंभर विकास परियोजनाएँ किस प्रकार जल संरक्षण में सहायक हैं? (उत्तर 250 शब्दों में दें) 15
14. उष्णकटिबंधीय चक्रवात अधिकांशत: दक्षिणी चीन सागर, बंगाल की खाड़ी और मैक्सिको की खाड़ी तक ही परिसीमित रहते हैं। ऐसा क्यों हैं? (उत्तर 250 शब्दों में दें) 15
15. उत्तर प्रदेश की भूगर्भिक संरचना एवं भू-आकृतिक प्रदेश क्या हैं। विवेचना कीजिये। (उत्तर 250 शब्दों में दें) 15

## हल प्रश्न-पत्र

**1.** (a) भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित जौनपुर शहर 'भारत का शिराज' एवं 'शिराज-ए-हिंद' के नामों से भी जाना जाता है। इस शहर की स्थापना फिरोज़ तुगलक ने अपने चचेरे भाई सुल्तान मुहम्मद की याद में की थी जिनका वास्तविक नाम जौना खाँ था। इसी नाम के आधार पर शहर का नाम जौनपुर रखा गया। यहाँ झंझरी मस्जिद, अटाला मस्जिद एवं जामा मस्जिद आदि वास्तुकला की दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण हैं।

(b) गुजरात के स्थापत्य को सोलंकी उपशैली, चालुक्य उपशैली या मंडोवार उपशैली भी कहा जाता है। इस स्थापत्य के तहत हिंदू मंदिरों के साथ-साथ जैन मंदिरों का भी निर्माण हुआ है तथा 'अर्द्धगोलाकार पीठ' एवं 'मंडोवार' आदि गुजरात उपशैली की विशेषता हैं। माउंट आबू का आदिनाथ मंदिर, तेजपाल मंदिर, पालिताना के सैकड़ों मंदिर, सोमनाथ मंदिर, मोढेरा का सूर्य मंदिर आदि इस शैली के प्रमुख उदाहरण हैं।

# प्रैक्टिस पेपर–2

## सामान्य अध्ययन–प्रथम प्रश्नपत्र

**निर्धारित समय : तीन घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

**1.** निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिये: (उत्तर 50-50 शब्दों में दें) **(5 × 5 = 25)**

(a) द्रविड़ शैली

(b) मौर्यकालीन समाज

(c) मौखिक एवं भावनात्मक हिंसा

(d) ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र

(e) अयोध्या

**2.** जनांदोलनों के संदर्भ में गांधी की रणनीति एवं कार्यपद्धति कैसी थी? सविस्तार वर्णन कीजिये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**3.** लॉर्ड वेलेजली की सहायक संधि की प्रमुख विशेषताएँ क्या थीं? इस संधि से कंपनी को हुए लाभ एवं देशी रियासतों पर पड़े प्रभावों को समझाइये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**4.** सांस्कृतिक विकास को 'विविधता में एकता' की संज्ञा क्यों दी जाती है? चर्चा कीजिये। (उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**5.** घरेलू हिंसा के द्वारा महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभावों को समझाइये। (उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**6.** अपक्षय क्या है तथा इसको प्रभावित करने वाले कारक कौन-से हैं? विवेचना कीजिये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**7.** उत्तर-पश्चिमी भारत के फसल प्रतिरूप में परिवर्तन के कारण क्या समस्याएँ उत्पन्न होती हैं? चर्चा कीजिये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**8.** आरंभिक भारतीय शिलालेखों में अंकित तांडव नृत्य की विवेचना कीजिये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**9.** पुनर्जागरण इटली में ही क्यों आरंभ हुआ? चर्चा कीजिये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**10.** वर्तमान समय में भारतीय कला विरासत को संरक्षित करना क्यों आवश्यक है? चर्चा कीजिये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**11.** प्लासी के युद्ध ने भारत में अंग्रेज़ों की स्थिति को किस प्रकार प्रभावित किया? विवेचना कीजिये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**12.** नगरीकरण को परिभाषित करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताएँ लिखिये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**13.** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किये गए 'कृषि कल्याण अभियान' का मूल उद्देश्य क्या है तथा इससे संबंधित महत्त्वपूर्ण बिंदु क्या हैं? स्पष्ट कीजिये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**14.** भूकंपीय तरंगों के अध्ययन के आधार पर पृथ्वी की आंतरिक संरचना को समझाइये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**15.** मृदा क्या है? वैज्ञानिक विश्लेषणों के आधार पर उत्तर प्रदेश की मृदाओं को कुल कितने भागों में बाँटा जा सकता है? विवेचना कीजिये। (उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

# प्रैक्टिस पेपर–3

## सामान्य अध्ययन-प्रथम प्रश्नपत्र

**निर्धारित समय : तीन घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

**1.** निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिये: (उत्तर 50-50 शब्दों में दें) **(5 × 5 = 25)**

(a) बेसर शैली

(b) चोलकालीन मूर्तिकला

(c) संहिता जेंडर रिसोर्स सेंटर

(d) एल-नीनो सिद्धांत

(e) सुल्तानपुर

**2.** क्या भारत की स्वतंत्रता की उपलब्धि महात्मा गांधी के बिना भिन्न रही होती? चर्चा कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**3.** फिरोज़ शाह तुगलक द्वारा किये गए प्रमुख प्रशासनिक सुधार क्या थे? विवेचना कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**4.** गांधी जी के 11–सूत्रीय मांग-पत्र से आप क्या समझते हैं? चर्चा कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**5.** राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति से आप क्या समझते हैं? चर्चा कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**6.** 'पूर्वी' एवं 'पश्चिमी' तटीय मैदान को स्पष्ट करते हुए तटीय मैदान की प्रासंगिकता को समझाइये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**7.** भारत किस कारण से आर्कटिक प्रदेश के संसाधनों में रुचि ले रहा है? चर्चा कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**8.** उत्तर प्रदेश में सिंचाई से संबंधित प्रमुख स्रोत कौन-कौन से हैं? विवेचना कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**9.** 1688 ई. में 'गौरवपूर्ण क्रांति' के इंग्लैंड में होने के मूल कारण क्या थे? विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**10.** 'जैन धर्म' और 'बौद्ध धर्म' का तुलनात्मक दृष्टिकोण से उल्लेख करें।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**11.** अवध का अंग्रेज़ी राज्य में मिलाया जाना कितना नैतिक था? विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**12.** दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एन.यू.एल.एम.) को स्पष्ट करते हुए इसकी मुख्य विशेषताओं की विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**13.** 'वेगनर का महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत' क्या है? चर्चा कीजिये। (उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**14.** भारतीय कृषि की प्रमुख समस्याएँ क्या हैं तथा इन समस्याओं से कृषि पर क्या प्रभाव पड़ा? विवेचना कीजिये। (उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**15.** गांधार मूर्तिकला रोमनवासियों की उतनी ही ऋणी थी जितनी कि वह यूनानियों की थी। स्पष्ट कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

# प्रैक्टिस पेपर–4

## सामान्य अध्ययन-प्रथम प्रश्नपत्र

**निर्धारित समय : तीन घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

**1.** निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिये: (उत्तर 50-50 शब्दों में दें) **(5 × 5 = 25)**

(a) ओडिशा का स्थापत्य

(b) संस्कृति और धर्म

(c) मजलिस

(d) महान हिमालय

(e) अलीगढ़

**2.** वर्तमान समय में महात्मा गांधी के विचार कितने महत्त्वपूर्ण हैं? चर्चा कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**3.** देश के विभाजन को अचानक होने की घटना नहीं माना जाता है क्योंकि इसकी पृष्ठभूमि 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में ही बननी प्रारंभ हो गई थी। स्पष्ट करें।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**4.** द्वितीय आंग्ल-सिख युद्ध होने के पीछे मूल कारण क्या थे तथा अन्ततः इस युद्ध का क्या परिणाम हुआ? चर्चा कीजिये। (उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**5.** महिलाओं के प्रति अपराध के लिये उत्तरदायी आर्थिक एवं विधिक कारणों को समझाइये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**6.** भारत की जलवायु से संबंधित 'परंपरागत सिद्धांत' एवं 'अभिनव सिद्धांत' पर चर्चा कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**7.** अपक्षय के रासायनिक कारकों की चर्चा करते हुए अपक्षय का महत्त्व स्पष्ट कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**8.** क्या कारण है कि भारत में हरित क्रांति पूर्वी प्रदेश में उर्वरक, मृदा और जल की बढ़िया उपलब्धता के बावजूद, असलियत में उससे बचकर आगे निकल गई?

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**9.** इतिहास के आदर्शवादी दृष्टिकोण के संदर्भ में हीगल के विचारों की विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**10.** वर्ण एवं जाति में भेद स्पष्ट करते हुए जाति प्रथा की उत्पत्ति से संबंधित किन्हीं चार सिद्धांतों की विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**11.** अमेरिकी संविधान की रचना को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों को स्पष्ट कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**12.** यदि महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और वैधानिक दर्ज़ा प्रदान किया जाये तो आर्थिक वृद्धि एवं विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण करें।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**13.** हरित क्रांति की विवेचना करते हुए इस क्रांति के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों को स्पष्ट कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**14.** 'श्वेत क्रांति' को परिभाषित करते हुए पशुपालन की समस्याओं एवं रणनीतियों को समझाइये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**15.** मौर्योत्तरकालीन भाषा एवं साहित्य का संक्षिप्त परिचय दीजिये तथा मौर्यकाल की तुलना में इस काल की भाषा में कौन-कौन से परिवर्तन देखने को मिलते हैं? विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

# प्रैक्टिस पेपर–5

## सामान्य अध्ययन-प्रथम प्रश्नपत्र

**निर्धारित समय : तीन घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

**1.** निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिये: (उत्तर 50-50 शब्दों में दें) **(5 × 5 = 25)**

(a) चोलकालीन स्थापत्य

(b) चित्रकला से संबंधित 'किशनगढ़ शैली'

(c) अप्पन समाचार

(d) हिमालयी अपवाह तंत्र

(e) कुंभ मेला

**2.** ब्रिटिश उपनिवेशवाद का भारतीय कृषि के प्रति क्या दृष्टिकोण था तथा इसके द्वारा भारतीय कृषक वर्ग पर क्या प्रभाव पड़ा? विवेचना कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**3.** रॉलेट सत्याग्रह के शुरू होने का मूल कारण क्या था तथा इस सत्याग्रह का क्या महत्त्व था? विवेचना कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**4.** प्लासी के युद्ध में नवाब की हार के कारणों को प्रस्तुत कीजिये तथा इस युद्ध के आर्थिक महत्त्व की चर्चा कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**5.** "बाल कुपोषण की समस्या भारत में अफ्रीका के निर्धनतम देशों से भी अधिक है।" तर्कों के माध्यम से स्पष्ट कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**6.** भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले ऐसे कारकों की विवेचना कीजिये जो स्थिति एवं उच्चावच से संबंधित हैं।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**7.** वर्षा को परिभाषित करते हुए वर्षण के विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट करें, साथ ही कृत्रिम वर्षा की उपयोगिता समझाइये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**8.** वायु संहति की संकल्पना की विवेचना कीजिये तथा विस्तृत क्षेत्रीय जलवायवीय परिर्वतनों में उसकी भूमिका को स्पष्ट कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**9.** "आधुनिक भारत की नींव रखने में लॉर्ड डलहौजी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? स्पष्ट कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**10.** फ्राँसीसी क्रांति के पीछे दार्शनिकों/विचारों की क्या भूमिका थी? चर्चा कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**11.** अमेरिकी संविधान की रचना को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों की विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**12.** भूमंडलीकरण की संक्षिप्त चर्चा करते हुए इसके द्वारा भारतीय समाज पर पड़े सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों को स्पष्ट कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**13.** जल संरक्षण प्रणाली को भारत में अवक्षयी (डिप्लीटिंग) भौम जल संसाधनों का आदर्श समाधान माना जाता है। इस प्रणाली को शहरी क्षेत्रों में किस प्रकार प्रभावी बनाया जा सकता है?

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**14.** जेट स्ट्रीम को परिभाषित करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं एवं प्रकारों को स्पष्ट कीजिये। यह धरातलीय मौसम को किस प्रकार प्रभावित करता है? समझाइये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**15.** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की संभावनाएँ एवं समाधान हेतु उपाय प्रस्तुत करते हुए औद्योगिक विकास से संबंधित प्रमुख चुनौतियों की चर्चा कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

# प्रैक्टिस पेपर–6

## सामान्य अध्ययन–प्रथम प्रश्नपत्र

**निर्धारित समयः तीन घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

**1.** निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिये: (उत्तर 50-50 शब्दों में दें) **(5 × 5 = 25)**

(a) फतेहपुर सीकरी

(b) मधुबनी शैली के चित्र

(c) संयुक्त परिवार

(d) सेतु भारतम योजना

(e) इमामबाड़ा

**2.** भक्ति आंदोलन को एक असाधारण नई दिशा प्रदान करने में श्री चैतन्य महाप्रभु का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। चर्चा करें।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**3.** भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के उदारवादी एवं उग्रवादी धड़ों की भूमिका का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करें।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**4.** बौद्ध धर्म की उपादेयता एवं प्रभाव की चर्चा करते हुए बौद्ध धर्म के पतन के मूल कारणों को स्पष्ट कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**5.** संयुक्त परिवार का जीवन चक्र सामाजिक मूल्यों के बजाय आर्थिक कारकों पर निर्भर करता है। चर्चा कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**6.** वायुदाब को परिभाषित करते हुए इसको प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या करें। साथ ही वायुदाब पेटियों के निर्माण की क्रियाविधि भी समझाइये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**7.** निर्धनता उन्मूलन के संदर्भ में भारत सरकार ने अनेक कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया परंतु भारत में निर्धनता अभी भी विद्यमान है। कारण प्रस्तुत करते हुए समझाइये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**8.** बुंदेलखंड के पहाड़ी व पठारी क्षेत्र की संक्षिप्त चर्चा करते हुए उत्तर प्रदेश की प्रमुख ऋतुओं की विवेचना कीजिये।

(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**9.** सविनय अवज्ञा आंदोलन के शुरू होने के पीछे मूल कारण क्या थे तथा यह आंदोलन कब प्रारंभ हुआ एवं इसके सामाजिक आधार क्या थे? विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**10.**. भारत में ब्रिटिश शासन की स्थापना के संदर्भ में सम्मिलित सफल कारकों की विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**11.** "भारत की जलवायु में क्षेत्रीय विविधता के साथ-साथ जलवायु विषयक एकता भी देखी जाती है।" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? स्पष्ट करें।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**12.** भारत में वृद्ध जनसमूह पर वैश्वीकरण के प्रभाव का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें)**15**

**13.** भारत में सूती वस्त्र उद्योग की चर्चा करते हुए इसके स्थानीयकरण की प्रवृत्ति एवं प्रमुख समस्याओं की विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**14.** 'मेंटल प्लूम' को परिभाषित कीजिये तथा प्लेट विवर्तनिकी में इसकी क्या भूमिका है? समझाइये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**15.** भारत में वृहत् सिंचाई परियोजनाओं के कम उपयोग के पीछे मूल कारण क्या हैं? इसके अधिक उपयोगी बनाने के संदर्भ में सरकारी प्रयास क्या हैं? विवेचना कीजिये।

(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

# प्रैक्टिस पेपर–7

## सामान्य अध्ययन-प्रथम प्रश्नपत्र

**निर्धारित समय: तीन घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

**1.** निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिये: (उत्तर 50-50 शब्दों में दें) **(5 × 5 = 25)**

(a) बौद्ध धर्म से संबंधित 'वज्रयान संप्रदाय'

(b) मौर्योत्तर कालीन सामाजिक व्यवस्था

(c) सहज संगठन

(d) जलोढ़ मिट्टी से निर्मित 'बांगर क्षेत्र'

**(e)** वाराणसी

**2.** यूनानी कला के प्रभाव से देश के पश्चिमोत्तर प्रदेशों में उदित 'गांधार शैली' की सविस्तार विवेचना कीजिये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**3.** उपनिवेशवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए भारत में ब्रिटिश उपनिवेशवाद से संबंधित वाणिज्य पूंजीवाद (1757–1813) के द्वारा भारत पर पड़े प्रभाव की सविस्तार विवेचना कीजिये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**4.** भारतीय इतिहास की पुनर्रचना में चीनी एवं अरबी यात्रियों के वृत्तांतों का क्या महत्त्व था? विवेचना कीजिये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**5.** प्रादेशिकता की बढ़ती हुई भावना, पृथक् राज्य की मांग का मुख्य कारण है। विवेचना कीजिये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**6.** मृदा अपरदन को परिभाषित करते हुए इससे संबंधित प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**7.** समुद्री सतह पर 'ज्वार-भाटा' की उत्पत्ति के मूल कारण को समझाते हुए इनसे होने वाले लाभ बताइये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**8.** आर्कटिक का असामान्य गर्म मौसम पृथ्वी के अन्य हिस्सों को कैसे प्रभावित करता है? विवेचना कीजिये।
(उत्तर 150 शब्दों में दें) **10**

**9.** दिल्ली सल्तनत की समस्याओं के समाधान के संदर्भ में मुहम्मद बिन तुगलक द्वारा किये गए सुधारात्मक उपायों की विवेचना कीजिये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**10.** 1907 में भारतीय राष्ट्रीय कान्ग्रेस में फूट पड़ने के क्या कारण थे तथा इस फूट का राष्ट्रीय आंदोलन की दिशा पर क्या प्रभाव पड़ा? विवेचना कीजिये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**11.** सुभाषचंद्र बोस एवं नेहरू दोनों ही समाजवाद के समर्थक थे फिर भी उनके विचारों में मूलभूत अंतर था। स्पष्ट कीजिये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**12.** क्या कारण है कि भारत के कुछ अत्यधिक समृद्ध प्रदेशों में महिलाओं के लिये प्रतिकूल स्त्री-पुरुष अनुपात है?
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**13.** 'मानसून' का अर्थ स्पष्ट करते हुए मानसून की उत्पत्ति से संबंधित 'परंपरागत' एवं 'अभिनव' सिद्धांतों की विवेचना कीजिये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**14.** महासागरीय तापमान से संबंधित एवं प्रभावित करने वाले कारकों को स्पष्ट कीजिये, साथ ही महासागरीय तापमान के वितरण एवं महत्त्व को भी समझाइये।
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

**15.** भारत के सूखा प्रवण एवं अर्द्धशुष्क प्रदेशों में लघु जलसंभर विकास परियोजनाएँ किस प्रकार जल संरक्षण में सहायक हैं?
(उत्तर 250 शब्दों में दें) **15**

## डी.एल.पी. बुकलेट्स की विशेषताएँ

- आयोग के नवीनतम पैटर्न पर आधारित अध्ययन सामग्री।
- पैराग्राफ, बुलेट फॉर्म, सारणी, फ्लोचार्ट तथा मानचित्र का उपयुक्त समावेश।
- विषयवस्तु की सरलता, प्रामाणिकता तथा परीक्षा की दृष्टि से उपयोगिता पर विशेष ध्यान।
- क्विक रिवीजन हेतु प्रत्येक अध्याय में महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नों का समावेश।


**Website : www.drishtiIAS.com**
**E-mail : online@groupdrishti.com**

DrishtiIAS

YouTube Drishti IAS

drishtiias

drishtithevisionfoundation

**641, First Floor, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009**
**Phones : 8750187501, 011-47532596**